प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 13.06.2026

थाना लोनी पुलिस द्वारा मुठभेड़ में 50 हजार रूपए का इनामी अभियुक्त (घायल अवस्था में) गिरफ्तार

आज दिनांक 13/06/2026 को थाना लोनी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 30/ 05 /2026 को ग्राम गनौली के ओमकार सिंह के अपहण का इनामी अभियुक्त बंथला से चिरोड़ी की तरफ आ रहा है।
उक्त सूचना पर पुलिस टीम बंथला चिरोड़ी मार्ग पर नहर के पास चेकिंग करने लगी तभी एक सफेद स्विफ्ट कार बंथला की ओर से चिरोड़ी की तरफ की आती दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया तो नहीं रुकी पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो गाड़ी सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई और कार चालक कार से उतरकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करके भागने लगा पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी जिसे घायल अवस्था मे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जा रहा हैं।
अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित हैं।

पूछताछ का विवरण

पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम गौरव नागर पुत्र गजराज निवासी ग्राम बादलपुर, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर बताया।
इसने बताया कि मैने अपने साथियों के साथ मिलकर ओमकार पुत्र राममेहर निवासी ग्राम गनौली, थाना लोनी, गाजियाबाद का अपहरण कर हत्या कर शव रोहटा मेरठ रोड पर गंगानगर में फेंक दिया था।जिसके संबंध में थाना लोनी पर मु0अ0सं0 152/26 धारा 109(1)/140(3)/3(5) BNS पंजीकृत है।

बरामदगी का बिबरण

1- एक स्विफ्ट कार
2-01 पिस्टल 32 बोर मय 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस।
अपराधिक इतिहास अभियुक्त के विरुद्ध एनसीआर क्षेत्र में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

अभियुक्त का नाम पता

1- गौरव नागर पुत्र गजराज निवासी ग्राम बादलपुर, थाना बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना लोनी पुलिस टीम

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई रु0 99999/- की धनराशि वापस करायी गई।

दिनांक 13.06.26 को साइबर सेल थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक रवि कुमार निवासी कोटगॉव गाजियाबाद के साथ हुए साइबर फ्रॉड में निकाली गयी 99999 /-रु0 धनराशि आवेदक को वापस करायी गई।

कार्यवाही का विवरण-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद को NCRP (20801250003386) पोर्टल के माध्यम से आवेदक रवि कुमार के साथ ऑनलाइन ठगी से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमे साइबर सेल थाना कोतवाली नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि के सम्बन्ध मे सम्बधित बैक से पत्राचार व अथक प्रयासों के बाद दिनांक 13.06.2026 को आवेदक के साथ हुई साइबर फ्रॉड की 99999/- रू0 की धनराशि साइबर सेल टीम थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद द्वारा वापस कराया गयी। आवेदक द्वारा थाना कोतवाली नगर आकर थाना प्रभारी महोदय एवं साइबर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-

साइबर सेल टीम, थाना कोतवाली नगर।